मैजिक से टकरायी बाइक युवक की मौत, किशोर गंभीर

कार का दरवाजा खुलने से हुआ हादसा

हंडिया (प्रयागराज)। नगर पंचायत हंडिया के वार्ड नंबर-१ स्थित किफ़ज़ा गेस्ट हाउस के समीप गुरुवार दोपहर करीब १२ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार १९ वर्षीय युवक की मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठा १४ वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, सैदाबाद क्षेत्र के कबिसान बमैला निवासी रजत मिश्रा पुत्र जयप्रकाश मिश्रा अपने चचेरे भाई महाबली मिश्रा पुत्र श्रीप्रकाश मिश्रा के साथ बाइक से अपनी बुआ के गांव अर्जुन पट्टी जा रहे थे। जैसे ही वे जंघई मार्ग पर किफ़ज़ा गेस्ट हाउस के सामने पहुंचे, सड़क किनारे खड़ी एक कार का दरवाजा अचानक खुल गया। अचानक खुले दरवाजे से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे मैजिक वाहन में जा घुसी। हादसे में गंभीर चोट लगने से रजत की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि महाबली लहूलुहान हो गये।

स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशोर को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक रजत अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र और दो बहनों (एकता एवं अंजली) का अकेला भाई था। पिता किराने की दुकान चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पर पहुंची हंडिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कारवाई में जुटी है।



युवक की मौत के बाद घटनास्थल पर पूछताछ करती पुलिस।

मेला देखने गये युवक पर जानलेवा हमला, सोने की चेन छीनी

घूरपुर पुलिस ने दो नामजद सहित छह पर दर्ज किया केस

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जसरा बाजार में दशहरा मेला देखने गये एक युवक पर दबंगों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके गले से सोने की चेन भी छीन ली। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद और चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, बारा थाना क्षेत्र के ग्राम पांडर निवासी सत्येंद्र शुक्ल का पुत्र ओम शुक्ल अपने चचेरे भाई कृष्ण शुक्ल के साथ मंगलवार शाम जसरा बाजार में दशहरा मेला देखने गया था। रात करीब ८ बजे दोनों भाई मेले से निकलकर खटगिया रोड की ओर टहल रहे थे। आरोप है कि सड़क किनारे चितौरी निवासी संदीप पटेल और बसहरा (थाना लालापुर) निवासी आदर्श पटेल अपने चार अज्ञात साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहे थे। ओम और कृष्ण को वहां से गुजरता देख आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और टहलने को लेकर ऐतराज जताया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और शराबियों ने धारदार हथियार से ओम के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिये। सिर पर गंभीर वार लगने से ओम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर चचेरे भाई ने परिजनों को फोन किया। परिजनों के पहुंचने से पहले ही आरोपित मौके से फरार हो गये। घायल को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां परिजनों ने देखा कि उसके गले से सोने की चेन गायब थी। पीड़ित के पिता की लिखित शिकायत पर घूरपुर पुलिस ने संदीप पटेल, आदर्श पटेल और चार अज्ञात के विरुद्ध मारपीट, जानलेवा हमला और लूट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। थाना प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

जल निगम की आपूर्ति महीनों से ठप, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

भटपुरा एवं चकसुचेर में गहराया पेयजल संकट, आक्रोश

लालापुर (प्रयागराज)। लालापुर क्षेत्र अंतर्गत अमिलिया तरहार स्थित जल निगम परियोजना से होने वाली ग्रामीण जलापूर्ति विगत कई महीनों से पूरी तरह ठप पड़ी है। इसके चलते ग्राम पंचायत भटपुरा, चकसुचेर सहित आसपास के मजरों में पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। जलापूर्ति बहाल न होने से आक्रोशित ग्रामीणों में विभागीय उपेक्षा के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

भटपुरा निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश भूजल स्रोतों का पानी अत्यधिक खारा है, जो पीने योग्य नहीं है।

अमिलिया तरहार पाइपलाइन परियोजना ही ग्रामीणों के लिए मीठे और शुद्ध पेयजल का एकमात्र मुख्य स्रोत थी। महीनों से सप्लाई बाधित रहने के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन सुबह-शाम मीठे पानी के जुगाड़ के लिए दूर-दराज के हैंडपंपों और कुओं के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा शिकायत किये जाने पर जल निगम कर्मियों का रटा-रटाया जवाब रहता है कि पाइपलाइन में लीकेज अथवा तकनीकी खराबी आ गयी है, जिसे शीघ्र ठीक कर लिया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि महीनों बीत जाने के बाद भी मरम्मत कार्य कछुआ गति से चल रहा है और जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिख रहा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अविलंब पाइपलाइन दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं कराये गयी, तो वे जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

छात्राओं को सिखाये आत्म रक्षा और साइबर सुरक्षाके गुर

कोरांव (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति-६.० अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर पुलिस लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में बुधवार, २१ अक्टूबर को यमुनानगर जोन के कोरांव थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय बड़ोखर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पुलिस के प्रति भय और झिझक दूर करते हुए उन्हें अपने अधिकारों और कानून की जानकारी दी गयी। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर छात्राएं चुप न रहें, बल्कि अपने अभिभावकों और पुलिस को तत्काल जानकारी दें।

छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता बताते हुए कहा गया कि छेड़खानी की शिकायत के लिए १०९०, आपातकालीन सहायता के लिए ११२, बच्चों की सुरक्षा के लिए १०९८, साइबर ठगी की शिकायत के लिए १९३० और जनसमस्याओं के लिए मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ पर संपर्क किया जा सकता है। साइबर अपराधों से बचाव के लिए सोशल मीडिया का सावधानी से इस्तेमाल करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा अज्ञात कॉल और संदेशों से सतर्क रहने की सलाह दी गयी। कार्यक्रम में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, बड़ोखर चौकी प्रभारी दीपक राजपूत, सिपाही सुशील और महिला सिपाही प्रेमलता मौर्या ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें जागरूक किया।



इरादतगंज में नो-एंट्री प्वाइंट पर वसूली का आरोप, वायरल वीडियो से मचा हड़कम्प

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र के इरादतगंज हाईवे स्थित नो-एंट्री प्वाइंट पर कथित वसूली का मामला सामने आया है। सोमवार शाम सोशल मीडिया पर करीब ५२ सेकंड का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें ट्रक चालक से कथित तौर पर रुपये लेकर नो-एंट्री के दौरान वाहन को शहर की ओर जाने देने का आरोप लगाया गया है। वीडियो में स्थान इरादतगंज और समय १९ अक्टूबर २०२६ की सुबह ५:४१ से ५:४२ बजे तक दर्ज होने का दावा किया गया है। हालांकि, वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

वीडियो में रीवा की ओर से आ रहा एक ट्रक चौराहे से कुछ दूरी पहले सड़क किनारे रुकता दिखाई देता है। इसके बाद चालक उतरकर वहां खड़े कर्मचारियों के पास जाता है। वीडियो में कथित तौर पर ट्रैफिक पुलिस और थाने की वर्दी पहने दो लोग नजर आते हैं।

आरोप है कि चालक बस स्टैंड के भीतर जाकर हेलमेट में रुपये रखता है और फिर ट्रक में बैठ जाता है। इसके बाद ट्रक को शहर की ओर जाने दिया जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आम जनता की सुविधा के लिए बनाया गया बस स्टैंड अब कथित वसूली का केंद्र बन गया है। उनका दावा है कि हरे रंग की तिरपाल से ढके इस स्थान पर नो-एंट्री के दौरान गुजरने वाले वाहनों से सुविधा शुल्क लेकर उन्हें प्रवेश दिया जाता है। ओवरलोड वाहनों को भी कथित तौर पर रुपये लेकर निकलने देने के आरोप लगाए गए हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बताया कि मामला संज्ञान में है। वीडियो की सत्यता की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी।

झूंसी व्यापार मंडल ने दुर्गा पूजा समितियों को किया सम्मानित

झूंसी (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र की दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के पावन अवसर पर झूंसी व्यापार मंडल ने अनूठी पहल करते हुए सेवा और सम्मान का उदाहरण प्रस्तुत किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विसर्जन जुलूस के साथ पहुंचे विभिन्न पूजा पंडालों एवं समितियों के पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।देर रात तक चले इस सेवा शिविर में विसर्जन यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के लिए हलवा, चना और शुद्ध पेयजल के प्रसाद का वितरण किया गया। व्यापारियों के इस आतिथ्य और सेवा कार्य की श्रद्धालुओं ने मुक्तकंठ से सराहना की।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने कहा कि धार्मिक उत्सव सामाजिक समरसता, सहयोग और बंधुत्व को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सूरज सोनकर, शिव शंकर निषाद, मो. गुड्डू, देवी चंद केसरवानी, अर्जुन गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, दशरथ कुशवाहा, प्रीति यादव, रेनू केसरवानी, मनीषा सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं नागरिक मौजूद रहे।



बाल कलाकारों ने प्रतियोगिताओं में बांधा समा

रामपुर पिपरांवमें मूर्ति विसर्जनके बाद हुआ विशाल भंडारा एवं मिलन समारोह

करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र के ग्राम रामपुर पिपरांव में विगत नौ दिनों से चले आ रहे शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजन एवं मूर्ति विसर्जन के उपरांत पूजा स्थल पर विशाल भंडारा एवं दशहरा उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं और मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें बाल कलाकारों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।उत्सव के दौरान 'हम भारत की नारी', वेशभूषा प्रदर्शन और पारंपरिक लोकगायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विशेष रूप से आयोजित 'आदर्श नारी वेशभूषा प्रतियोगिता' में नन्हीं बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारतीय संस्कृति के विविध रूपों का जीवंत प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने एक-दूसरे के माथे पर तिलक लगाकर विजयादशमी की बधाई दी और आपसी सौहार्द का परिचय दिया। आयोजन समिति की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की ग्रामीणों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। समिति के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कुसुम श्रीवास्तव, आशा प्रजापति, किरन सिंह, निशा सिंह, विशाखा, पियूषा, प्रांसी, साधना, आंचल, प्रतिमा, मीनू, कृष्णावती, पम्मी सिंह, श्रद्धा, नैन्सी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और ग्रामीण उपस्थित रहे।

वंदन योजना के तहत नर्वदेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्यों का भूमिपूजन

कोरांव (प्रयागराज)। प्रदेश सरकार की वंदन योजना के तहत नगर पंचायत कोरांव स्थित प्राचीन नर्वदेश्वर महादेव मंदिर संस्कृत पाठशाला परिसर में सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए बुधवार को भूमिपूजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने विधि-विधान से पूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की।इस अवसर पर नगरवासियों को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत कोरांव पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्राचीन धार्मिक स्थलों का विकास और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मंदिर परिसर में होने वाले सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और धार्मिक स्थल की पहचान और मजबूत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभासद राजकुमार केशरी, निशांत केशरी, विजय जायसवाल, अमरेंद्र केशरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृष्ण केशरी, शशि द्विवेदी, विनोद केशरी, प्रदीप केशरी, उमाशंकर केशरी, राजेश केशरी, सुमित कुमार पांडेय, अनूप केशरी, प्रमोद शुक्ला और सच्चिदानंद त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

उचित दर विक्रेता एसोसिएशन की बैठक में संघटन की मजबूती पर जोर

चार जिला उपाध्यक्ष और एक संघटन मंत्री नियुक्त, नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

हनुमानगंज (प्रयागराज)। आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन, प्रयागराज की बैठक हनुमानगंज स्थित पृथ्वी गार्डन में आयोजित की गयी। जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता और जिला महामंत्री बसंत लाल सरोज के संचालन में हुई बैठक में संघटन को मजबूत बनाने तथा उचित दर विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी। इस दौरान जिला संघटन में नई नियुक्तियां भी की गईं।

संगठन को विस्तार देते हुए गंगा शंकर मिश्रा, महेंद्र जायसवाल, राजेंद्र यादव और लालजी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि भैया राम लाठीवाला को जिला संघटन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिला अध्यक्ष गणेश प्रसाद द्विवेदी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि संघटन ही उचित दर विक्रेताओं की सबसे बड़ी ताकत है। संघटन उनके अधिकारों, समस्याओं और मान-सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और संघटन को मजबूत बनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अध्यक्ष पद पर रहते हुए वह ईमानदारी से विक्रेताओं के हितों के लिए काम करेंगे और उनके सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

बैठक में मौजूद उचित दर विक्रेताओं ने जिला अध्यक्ष के विचारों का समर्थन किया और संघटन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजकरण सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कौशलेश सिंह, जिला महामंत्री इंद्रजीत पटेल, जिला सचिव लवकुश, मेजा तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, चाका ब्लाक अध्यक्ष रामसूरत सिंह, शंकरगढ़ ब्लाक अध्यक्ष सरदार सिंह सहित वीरेंद्र सिंह, नितेश सिंह, राजाराम, राकेश कुमार और आशीष कुमार सहित अनेक उचित दर विक्रेता उपस्थित रहे।



सीता हरण और केवट प्रसंग की झांकियों ने मोहा मन

नैनी (प्रयागराज)। विजयादशमी के पावन पर्व पर नैनी क्षेत्र में पारंपरिक उल्लास और भव्यता के साथ ऐतिहासिक दशहरा मेला संपन्न हुआ। नैनी की विभिन्न रामलीला कमेटियों के तत्वावधान में निकाली गयी भव्य 'रामदल' शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

हाथी, घोड़े, ऊंट और सजी-धजी बग्घियों पर सवार प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, माता जानकी और पवनपुत्र हनुमान के स्वरूपों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आरती उतारी। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न चौकियों पर केवट संवाद और सीता हरण के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गये। शंकर ढाल, सब्जी मंडी और स्टेशन रोड पर रातभर उत्सव का माहौल रहा। मेले में लगे बड़े झूले, चर्खी और विभिन्न व्यंजनों की दुकानों पर भोर तक भीड़ बनी रही। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एडीसीपी विजय आनंद, एसीपी करछना कुंजलता और इंस्पेक्टर नैनी अविनाश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गश्त पर रहे। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की गयी।

धर्मशाला तिराहे पर गूंजे 'जय श्रीराम' के जयकारे भरत मिलाप देखकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

आदर्श श्रीरामलीला समिति नयी झूंसी का आयोजनः देर रात तक चला भ्रातृ-प्रेम का उत्सव, रामलीला मैदान में हुआ भव्य राज्याभिषेक

झूंसी (प्रयागराज)। आदर्श श्रीरामलीला समिति नई झूंसी के तत्वावधान में बीती रात धर्मशाला तिराहे पर भव्य एवं ऐतिहासिक 'भरत मिलाप' का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या लौटे मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम और अनुज भरत के अश्रुपूर्ण मिलन के भावुक प्रसंग ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस भक्ति उत्सव के दौरान समूचा क्षेत्र 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा।भरत मिलाप की लीला के मंचन में प्रभु श्रीराम और भरत के बीच अगाध भ्रातृ-प्रेम, त्याग, समर्पण और पारिवारिक एकता की अनुपम झलक देखने को मिली। दोनों भाइयों के परस्पर गले लगने का दृश्य देख उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें छलक आईं। क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वरूपों की आरती उतारी और अपनी अटूट आस्था प्रकट की। भरत मिलाप के उपरांत झूंसी स्थित रामलीला मैदान में विधि-विधान से भगवान श्रीराम की भव्य राजगद्दी का मंचन किया गया। प्रभु के राज्याभिषेक के साथ ही धर्म, सत्य, न्याय और आदर्श रामराज्य की स्थापना का संदेश प्रसारित किया गया। इस अवसर पर प्रखर रवि टोनू, मोहित केसरवानी, रामबाबू केसरवानी, अनुज केसरवानी, दिनेश यादव, विनोद अग्रवाल, राजा केसरवानी, दीपक केसरवानी, रवि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में रामलीला प्रेमी एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।



आरएएफ वाहिनी में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

कमांडेंट मनीष कुमार भारती के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि, जवानों के बलिदान को किया नमन

फाफामऊ (प्रयागराज)। १०१वीं रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) वाहिनी में पुलिस स्मृति दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमांडेंट मनीष कुमार भारती के नेतृत्व में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की सुरक्षा और सेवा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों एवं जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया।कार्यक्रम के दौरान वर्ष १९५९ में लद्दाख के हाट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले का बहादुरी से सामना करते हुए शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के १० वीर जवानों के बलिदान को विशेष रूप से याद किया गया। इन जवानों ने कर्तव्यनिष्ठा और अदम्य साहस का परिचय देते हुए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इस मौके पर कमांडेंट मनीष कुमार भारती ने अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस स्मृति दिवस उन वीर पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों के जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि शहीदों की कर्तव्यपरायणता और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेते हुए सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी हरिओम सागर, उप कमांडेंट नितिन कुमार, उप कमांडेंट यज्ञ कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

नैनी रजबहा के टूटे बंधे की मरम्मत शुरू, किसानों ने ली राहत की सांस

ओवरफ्लो से टूटा था बंधा, सैकड़ों बीघा पकी धान की फसल हुई थी जलमग्न

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर क्षेत्र के इरादतगंज स्थित नैनी रजबहा नहर का टूटा बंधा अब दुरुस्त किया जाने लगा है। सिंचाई एवं नहर विभाग ने पहले नहर में पानी का प्रवाह बंद कराया और गुरुवार को मौके पर पहुंचकर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू करा दिया।

गौरतलब है कि बीते रविवार को नैनी रजबहा नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़े जाने के कारण ओवरफ्लो होकर कई स्थानों पर पटरी एवं बंधा कट गया था। तेज बहाव के साथ नहर का पानी सीधे खेतों और रास्तों में घुस गया, जिससे इरादतगंज एवं आसपास के सैकड़ों किसानों की तैयार खड़ी पकी धान की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गयी थी। रास्तों पर जलभराव से ग्रामीणों का आवागमन भी ठप हो गया था। शुरुआत में विभागीय उदासीनता के चलते किसानों में भारी आक्रोश था।



गुरुवार को नैनी रजबहा प्रखंड के सर्वेक्षक शिशिर मिश्रा विभागीय मजदूरों की टीम के साथ इरादतगंज पहुंचे और टूटे एवं संवेदनशील तटबंधों की मरम्मत शुरू कराई। सर्वेक्षक ने बताया कि जिन-जिन स्थानों पर बंधा टूटा अथवा कमजोर पाया गया है, वहां मिट्टी की भराई और बंधे को चौड़ा एवं मजबूत करने का काम तेजी से किया जा रहा है। क्षेत्रीय किसान रामसजीवन, शिवमूरत और हरिश्चंद्र ने बताया कि नहर की सिल्ट सफाई न होने और नियमित निगरानी के अभाव में प्रतिवर्ष धान के सीजन में बंधा टूटने से भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। किसानों ने विभाग से नहर की नियमित सफाई और तटबंधों के स्थायी सुदृढ़ीकरण की मांग की है। कार्य शुरू होने से किसानों ने नुकसान थमने पर राहत महसूस की है।

लालगंज अमरसापुर में हुआ प्रभु श्रीराम के प्राकट्य का सजीव मंचन

पुत्रेष्टि यज्ञके बाद गूंजे 'भए प्रगट कृपाला' के जयघोष, त्रेतायुगीन प्रसंगोंसे भक्तिमय हुआ परिसर

झूंसी (प्रयागराज)। श्री रामलीला कमेटी लालगंज अमरसापुर (झूंसी) के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के दूसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया।

मंच पर कलाकारों ने पृथ्वी पर असुरों के बढ़ते अत्याचार, देवताओं द्वारा भगवान विष्णु से त्राण पाने की स्तुति और अयोध्या नरेश राजा दशरथ की पुत्र प्राप्ति की चिंता के दृश्यों को सजीव कर दिया। इसके उपरांत मुनि वशिष्ठ एवं श्रृंगी ऋषि द्वारा कराए गये पुत्रेष्टि यज्ञ और प्रभु श्रीराम के चतुर्भुज रूप में अवतरण का मंचन होते ही समूचा पंडाल 'जय श्रीराम' और 'भए प्रगट कृपाला' के उद्घोष से गूंज उठा। कमेटी अध्यक्ष शिव विजय सिंह और प्रबंधक विजय बहादुर यादव ने कहा कि लीला का उद्देश्य समाज में धर्म और मर्यादा की स्थापना का संदेश देना है। इस दौरान मनीष केसरवानी, रत्नेश केसरवानी, हरिश्चंद्र पाल, वेद प्रकाश श्रीवास्तव एवं बृजेश यादव उपस्थित रहे।

दम्पतीका शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम गमगीन माहौलमें हुआ अंतिम संस्कार

डंपर की टक्कर से हुई थी पति-पत्नी एवं साले की मौत

मऊआइमा (प्रयागराज)। प्रतापगढ़ जनपद के बाघराय क्षेत्र में ससुराल से लौटते समय डंपर की टक्कर से जान गंवाने वाले मऊआइमा के बांकाजलालपुर निवासी दंपती का शव पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी और पूरे गांव की आंखें नम हो गईं। देर शाम नवाबगंज थाना क्षेत्र के कुरेशर घाट पर गमगीन माहौल में दंपती का अंतिम संस्कार संपन्न किया गया। जानकारी के अनुसार, बांकाजलालपुर निवासी हैदर कुमार (४८) अपनी पत्नी रीता देवी (४५) के साथ १९ अक्टूबर को बाइक से ससुराल गैसपुर (दुखीपुर, कुंडा) गये थे। बुधवार को वापसी के दौरान बाघराय थाना क्षेत्र के छेवंगा नहर मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हैदर कुमार, रीता देवी और उनके साले नोखेलाल (३५) की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि नोखेलाल का ५ वर्षीय बेटा शिवम घायल हो गया था। बाघराय पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर विधिक कारवाई की और पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को शव परिजनों को सौंप दिये। इस हृदयविदारक हादसे ने मृतक दंपती के चार मासूम बच्चों-आकाश (१४), राज (१२), लवकुश (१०) और पुत्री पूनम (५) के सिर से माता-पिता का साया हमेशा के लिए छीन लिया। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और वे मांगकर जीवन यापन करते थे। अचानक अनाथ हुए इन बच्चों के भविष्य को लेकर ग्रामीणों में गहरी संवेदना और चिंता है।

पीड़ित परिवार की स्थिति को देखते हुए ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अंतिम संस्कार, कफन और वाहनों का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन किया। प्रधान ने भरोसा दिलाया कि बच्चों के लिए पक्का आवास और अंत्योदय राशन कार्ड स्वीकृत कराया जाएगा। कार्ड बनने तक स्थानीय कोटेदार ने प्रति माह ३५ किलो खाद्यान्न देने की बात कही है। वहीं, प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा जगदीश कुशवाहा ने बताया कि अनाथ बच्चों के भोजन, वस्त्र और शिक्षा की व्यवस्था के लिए ग्रामीणों एवं प्रशासन के सहयोग से हर संभव सहायता दी जाएगी।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५८)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।